भारत सरकार

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग

लोक सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या: 3438

07 अगस्त, 2026 को पूछे जाने वाले प्रश्न का उत्तर

गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) का रोकथाम और नियंत्रण

†**3438. श्रीमती पूनमबेन माडम:**

क्या **स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने देश में गैर-संचारी रोगों का रोकथाम और नियंत्रण को सुदृढ़ करने के लिए व्यापक उपाय किए हैं और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ख) क्या उच्च रक्तचाप, मधुमेह और सामान्य कैंसर के लिए जनसंख्या आधारित जांच कार्यक्रमों का विस्तार किया गया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

उत्तर

स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्रालय में राज्य मंत्री

(श्री प्रतापराव जाधव)

(क) और (ख) स्वास्थ्य और परिवार कल्याण विभाग, राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) के अंतर्गत, राष्ट्रीय गैर-संचारी रोग रोकथाम एवं नियंत्रण कार्यक्रम (एनपी-एनसीडी) के माध्यम से राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों को प्रमुख गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) जैसे उच्च रक्तचाप, मधुमेह, मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर की रोकथाम एवं नियंत्रण हेतु तकनीकी एवं वित्तीय सहायता प्रदान करता है।

भारत सरकार, एनपी-एनसीडी के अंतर्गत मुख्य रूप से मधुमेह, उच्च रक्तचाप, सामान्य कैंसर (मुख, स्तन और गर्भाशय ग्रीवा), क्रॉनिक किडनी रोग, एसटी-सेगमेंट एलिवेशन मायोकार्डियल इनफ्रेक्शन(एसटीईएमआई), क्रॉनिक ऑब्सट्रक्टिव पल्मोनरी डिजीज, नॉन-अल्कोहोलिक फैटी लिवर डिजीज (एनएएफएलडी) और स्ट्रोक पर ध्यान केंद्रित किया जाता है।

यह कार्यक्रम गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) के लिए अवसंरचना सुदृढीकरण, मानव संसाधन विकास, जांच, प्रारंभिक निदान, रेफरल, उपचार और स्वास्थ्य संवर्धन पर केंद्रित है। एनपी-एनसीडी के तहत, देश भर में 770 जिला एनसीडी क्लीनिक, 233 कार्डियक केयर यूनिट और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों में 6,410 एनसीडी क्लीनिक स्थापित किए गए। इसके अतिरिक्त, जिला अस्पताल स्तर पर कैंसर परिचर्या की सुलभता सुनिश्चित करने के लिए देश भर में 524 डे केयर कैंसर सेंटर (डीसीसीसी) कार्यरत हैं।

एनएचएम के अंतर्गत देश में सामान्य गैर-संचारी रोगों (एनसीडी) की रोकथाम, नियंत्रण और जांच के लिए एक जनसंख्या-आधारित पहल शुरू की गई है, जिसमें तीन सामान्य कैंसर (मुख कैंसर, स्तन कैंसर और गर्भाशय ग्रीवा कैंसर), मधुमेह और उच्च रक्तचाप शामिल हैं। इस पहल के तहत, 30 वर्ष से अधिक आयु के व्यक्तियों को विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर जांच के लिए लक्षित किया गया है। प्रशिक्षित अग्रिम पंक्ति कार्यकर्ताओं के माध्यम से रोकथाम, नियंत्रण और जांच सेवाएं प्रदान की जाती हैं।

*****